प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

20 अक्तूबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में उप-कार्यालय खोला गया

आज, डॉ. माइकल देबब्रत पात्र, उप-गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में रिज़र्व बैंक के उप-कार्यालय का उद्घाटन किया।

ईटानगर उप-कार्यालय में निम्नलिखित विभागों / कक्षों ने कार्य करना प्रारंभ किया है: वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग (एफ़आईडीडी), मानव संसाधन प्रबंध विभाग (एचआरएमडी), उपभोक्ता शिक्षण एवं संरक्षण कक्ष (सीईपीसी) एवं बाजार आसूचना कक्ष (एमआईसी)। अरुणाचल प्रदेश राज्य हेतु मुद्रा प्रबंधन का कार्य भारतीय रिज़र्व बैंक के गुवाहाटी कार्यालय द्वारा संचालित किया जाना जारी रहेगा।

उप-कार्यालय का नेतृत्व श्री अभिजीत मजुमदार (प्रभारी अधिकारी) द्वारा किया जाएगा, जिनका संपर्क विवरण निम्नानुसार है:

डाक पता: -
महाप्रबंधक (प्रभारी अधिकारी)
भारतीय रिज़र्व बैंक
अरुणाचल प्रदेश फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड बिल्डिंग
वन विहार, चिंपू
केंद्रीय विद्यालय क्र.2 के सामने
ईटानगर-791111
अरुणाचल प्रदेश
दूरभाष क्र.: (0360) 2203134
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

इस कार्यालय के प्रारंभ होने के साथ, रिज़र्व बैंक ने पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) के सभी सात राज्यों यथा अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड एवं त्रिपुरा में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1148